# ए0एस0ओ0सी0 बैठक की समीक्षा बैठक दिनांक 31 मार्च एवं 01–4–2011

## कार्यवाही विवरण

ए0एस0ओ0सी0 की वार्षिक समीक्षा बैठक दिनांक 31–03–2011 को प्रातः 10:00 बजे ईश प्रार्थना के साथ प्रारंभ हुई ।

समीक्षा बैठक में निम्न अधिकारी उपस्थित रहे :–

| | | |
|---|---|---|
| 1– | श्री प्रकाश दिसोरिया – | राज्य सचिव राज्य मुख्यालय भोपाल |
| 2– | श्री डां0 रमाशंकर तिवारी – | विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी राज्य मुख्यालय भोपाल |
| 3– | श्री डां0 बलवान सिंह – | परियोजना संचालक राज्य मुख्यालय भोपाल |
| 4– | श्रीमती अनिता अंकुलनेरकर– | संयुक्त संचिव राज्य मुख्यालय भोपाल |
| 5– | श्रीमती चंद्रकांता उपाध्याय – | राज्य संगठन आयुक्त (गाइड)राज्य मुख्यालय भोपाल |
| 6– | श्री डी0पी0 मिश्रा – | राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) राज्य मुख्यालय भोपाल |
| 7– | सुश्री आशा सिंह – | राज्य प्रतिशक्षण आयुक्त (गाइड) राज्य मुख्यालय भोपाल |
| 8– | श्री एम0एल0 सोनी – | सहायक राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) राज्यमुख्यालय भोपाल |
| 9– | श्री बी0एल0 शर्मा – | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) सं.मु.सागर |
| 10– | श्री हरिदत्त शर्मा – | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) सं.मु. जबलपुर |
| 11– | श्री विक्रम सिंह चौहान– | सहा. राज्य संगठन आयुक्त (का.) सं.मु. होशंगाबाद |
| 12– | श्री मदन मोहन गुप्ता– | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) सं.मु.ग्वालियर |
| 13– | श्री आर0एन0 तिवारी– | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) सं.मु.शहडोल |
| 14– | श्री प्रमोद गंगराड़े – | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (काउट) सं.मु. उज्जेन |
| 15– | श्री उमेश श्रीवास्तव– | प्र0 सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) सं.मु. भोपाल |
| 16– | श्री संतोष सिंह – | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) सं.मु.रीवां |
| 16– | श्रीमती उषा यादव– | सहायक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) सं.मु. भोपाल |
| 17.– | श्री धीरज सोनी | जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) इंदौर |
| 18– | श्री भीमसेन लहरी | कम्यू.आपरेटर संभागीय मुख्यालय मुरैना |

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

# समीक्षा बैठक का कार्यवाही विवरण

## –: ऐजेण्डा के बिन्दु :–

**(1) माह फरवरी 11 की बैठक मे दिये गये निर्देशो व कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन :–**

- राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती चंद्रकांता उपाध्याय ने माह फरवरी 11 की बैठक का कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन पावर पाइंट पर प्रस्तुत किया। उनके द्वारा बताया गया कि ग्वालियर संभाग से पालन प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। शेष संभागो ने पालन प्रतिवेदन नही भेजा है।

**पालन प्रतिवेदन के आधार पर निम्न बिन्दुओ की जानकारी भी प्रस्तुत की गई :–**

गोद लिये 20 दलो का चयन कर सूची बैतुल, मण्डला की शेष रही है शेष संभागो के जिलो की प्राप्त हुई है। जिला छिन्दवाड़ा, डिण्डोरी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल ने व्यवस्थित सूची दी है। शेष जिलो से व्यवस्थित सूची प्राप्त नही हुई है।
जिन जिलो की व्यवस्थित सूची प्राप्त नही हुई है उन जिलो से समस्त पूर्ति के साथ जानकारी भेजने हेतु संबधित ए.एस.ओ.सी. को सूची निम्न निर्देश के साथ वापस दी गई।
**निर्देश** :– विकास खण्डवार विभागवार,स्काउटर–गाइडर के नाम, स्काउटिंग–गाइडिंग योग्यता, दूरभाष क्र., दल संख्या अंकित कर एक सप्ताह के अन्दर भेजें।
**निर्णय** :– उपस्थित संगठन अधिकारियो ने निर्णय लिया कि एक सप्ताह में जानकारी उपलब्ध करा दी जावेगी।

**कार्यवाहीः– ए.एस.ओ.सी(स्का./गा.)**

**(2) अभिरूचि केन्द्र संचालन का प्रतिवेदन :–**

- पालन प्रतिवेदन के अन्तर्गत अभिरूचि केन्द्र संचालन का प्रतिवेदन उज्जैन, सागर, देवास, इन्दौर, रतलाम, मुरैना से प्राप्त होना बताया है। शेष जिलो से प्रतिवेदन प्राप्त नही हुआ है।
- अभिरूचि केन्द्र के संचालको की बैठक का कार्यवाही विवरण ए.एस.ओ.सी. से प्राप्त होना था। भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर से प्राप्त हुआ है। शेष संभागो से प्राप्त नही हुआ है।

(3) **जम्बूरी आय–व्यय विवरण :–**

- केवल इन्दौर संभाग की वाछिंत जानकारी अप्राप्त है। शेष समस्त संभागो की जम्बूरी की जानकारी प्राप्त हो गई है।

(4) **जिला विवरिणीका :–**

जिला सिहोर, राजगढ़, बैतुल, धार, झाबुआ,, खरगौन, बड़वानी, खण्डवा, बुराहानपुर, कटनी, मण्डला, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, छतरपुर, उज्जैन, देवास की जानकारी अप्राप्त है।

**(5) युवा कार्यक्रम :–**

(क) **पेट्रोल लीडर स्काउट–गाइड प्रशिक्षण शिविर (जिला/ विकासखण्ड):–**

- धार, छिंदवाडा (ब्लाक – चौरई, सौंसर में), सीधी (जिला/विकासखण्ड व ब्लाक में), रीवा (ब्लाक में), होशंगाबाद, हरदा से प्राप्त शेष जिलो से अप्राप्त।

(ख) **द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर विकासखण्ड स्तर :–**

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

- डिंडोरी (विकासखण्डवार), होशंगाबाद जिला स्तर से प्राप्त, शेष से अप्राप्त।

(ग) **द्वितीय सोपान जॉच शिविर जिला स्तर पर :–**

- सीधी, सिवनी, सागर, अशोकनगर, शिवपुरी, गुना से प्राप्त शेष से अप्राप्त।

(घ) **तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर जिला स्तर पर :–**

- सीधी, हरदा से प्राप्त, शेष से अप्राप्त।

(च) **तृतीय सोपान जॉच शिविर संभाग स्तर पर :–**

- उज्जैन, ग्वालियर, रीवा, सागर संभाग से प्राप्त शेष से अप्राप्त।

(छ) **प्रवीण रोवर/रेंजर प्रशिक्षण शिविर जिला स्तर पर :–**

- सीधी से प्राप्त, शेष से अप्राप्त।

(ज) **प्रवीण रोवर/ रेंजर जॉच शिविर संभाग स्तर पर :–**

- उज्जैन से प्राप्त, शेष से अप्राप्त।

(झ) **निपूर्ण रोवर/ रेंजर प्रशिक्षण शिविर संभाग :–**

- किसी भी संभाग से प्राप्त नही हुई।

(ट) **द्वितीय चरण पंख जॉच शिविर जिला स्तर पर :–**

- किसी भी जिले से प्राप्त नही हुई।

(ठ) **तृतीय चरण स्वर्ण पंख जॉच शिविर संभाग स्तर पर :–**

- किसी भी संभाग से प्राप्त नही हुई।

## <u>राज्य स्तर, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता</u>

## ऐजेण्डा के बिन्दु क्र. 2–3

(1) राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) ने संभाग के जिलो की राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर, अन्तराष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2010–11 में जो प्रतिभागिता रही है। उसे पावर पाइंट पर प्रस्तुत किया और निर्देशित किया कि आगामी सत्र 2011–12 में प्रत्येक जिले की प्रतिभागिता सुनिश्चित करें जिसे सभी स्तर के कार्यक्रमो जिलो को भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकें।

(2) उक्त संबध मे योजना बनाने हेतु वर्ष 2011–12 के राज्य स्तर, राष्ट्र, संभागीय स्तर के वार्षिक कार्यक्रम दिये गये जिसके आधार पर प्रतिभागिता निश्चित कर लिखकर देवें कि कौन से कार्यक्रम मे किस जिले की प्रतिभागिता रहेगीं। इसके परिपेक्ष्य में जबलपुर, चम्बल, ग्वालियर, उज्जैन, शहडोल, इंदौर, रीवा संभाग ने राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमो मे प्रतिभागिता की सूची दी। राज्य स्तर की प्रतिभागिता हेतु ई–मेल से भेजने हेतु कहा है।
होशंगाबाद, सागर संभाग के राष्ट्र तथा राज्य दोनो स्तर मे प्रतिभागिता की सूची दी है।

<u>**(3) प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता :–**</u>

राज्य संगठन आयुक्त गाइड द्वारा प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता में 10–11 में जो दल पंजीकृत हुऐ है उनकी लॉगबुक निर्धारित समयावधि भेजने हेतु में निर्देश दिये। भाग लेने वाले दलो के स्काउटर–गाइडर की बैठक संभाग पर अवश्य बुलावें।

<u>**(4) स्टेट चीफ कमिश्नर शील्ड प्रतियोगिता :–**</u>

- स्टेट चीफ कमिश्नर शील्ड प्रतियोगिता हेतु लागबुक की पूर्ति का स्काउट–गाइड विभाग दोनो की पृथक–पृथक निर्धारित समयावधि मे जिलो से भिजवाऐ।
- उक्त के संबध में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि वर्ष 2010–11 की ग्रेडिंग जारी होना है अतः शेष रही जानकारियॉ 15.04.11 तक अनिवार्य रूप से राज्य

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

मुख्यालय को भेज दें। इसके बाद प्राप्त जानकारियो को ग्रेडिंग मे शामिल नही किया जावेगा।

➢

## —: वयस्क प्रशिक्षण (गाइड) विभाग :—

वयस्क प्रशिक्षण गाइड विभाग की प्रशिक्षण की जानकारी सुश्री आशा सिंह एस.टी.सी.(गाइड) द्वारा लक्ष्य के अनुसार पावर पाइंट पर दी गई।

**भोपाल संभाग :—**

भोपाल व विदिशा जिले को छोड शेष जिलो में **बेसिक गाइड केप्टेन प्रशिक्षण शिविर** नही हुए। रेंजर लीडर का लक्ष्य भी पूरा नही किया गया।

**नर्मदापुरम संभागः—**

चारूआ को छोड शेष जिलो में **बेसिक गाइड केप्टेन प्रशिक्षण शिविर** नही हुए।

**इन्दौर संभाग :—**

इन्दौर एवं अलीराजपुर को छोड शेष जिलो में **बेसिक गाइड केप्टेन प्रशिक्षण शिविर** नही हुए। किसी भी जिले में **रेंजर लीडर प्रशिक्षण शिविर** नही हुए।

**जबलपुर संभाग :—**

कटनी,मण्डला,बालाधाट,सिवनी,छिन्दवाड़ा में लक्ष्य अनुसार पूर्ति नही हुई।
किसी भी जिले में **रेंजर लीडर प्रशिक्षण शिविर** नही हुए।

**रीवा संभागः—**

किसी भी जिले में **रेंजर लीडर प्रशिक्षण शिविर** नही हुए।

**शहडोल संभाग :—**

सभी जिलो में **बेसिक गाइड केप्टेन प्रशिक्षण शिविर** की लक्ष्य अनुसार पूर्ति की गई।
सभी जिलो में **फ्लाक लीडर प्रशिक्षण शिविर** की लक्ष्य अनुसार पूर्ति की गई।
**रेंजर लीडर प्रशिक्षण शिविर** नही हुए।

**उज्जैन संभाग :—**

किसी भी जिले में गाइड विभाग के किसी भी शिविर का आयोजन नही किया गया।

**सागर संभाग :—**

किसी भी जिले में गाइड विभाग के किसी भी शिविर का आयोजन नही किया गया।

**निर्देशः**—जिन जिलों में बेसिक गाइड केप्टेन प्रशिक्षण शिविर नही हुए है। लक्ष्य के अनुरूप पूर्ति हो इस बात का ध्यान आने वाले सत्र में रखा जायें।

कार्यवाही ए.एस.ओ.सी. (स्का./गा.)

## —: एडवांस गाइड केप्टेन प्रशिक्षण शिविरः—

| | |
|---|---|
| भोपाल संभागः— | 01 गाइडर। |
| नर्मदापुरम संभागः— | 01 फ्लाक लीडर। |
| इन्दौर संभागः— | 02 एडवांस गाइड केप्टेन। |
| ग्वालियर संभागः— | 01 एडवांस फ्लाक लीडर। |
| जबलपुर संभाग :— | 12 एडवांस गाइड केप्टेन। |
| रीवा संभाग :— | निरंक। |
| शहडोल संभाग :— | 17 एडवांस गाइड केप्टेन । |
| सागर संभाग :— | 01 एडवांस गाइड केप्टेन। |
| उज्जैन संभाग :— | 02 एडवांस गाइड केप्टेन । |

एडवांस गाइड केप्टेन शिविर, भोपाल और शहडोल में संचालित हुए शेष संभाग निरंक रहें।

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

**निर्णय :–** आगामी वर्ष मे संख्या सुनिश्चित करके राज्य स्तर पर गाइडर्स को भेजें।
सागर व उज्जैन को छोड़ शेष सभी संभागो ने लक्ष्य पूर्ति के प्रयास किये हैं

| क. | संभाग | गाइड के. | फ्ला ली. | रेंजर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भोपाल | 27 | 31 | 0 |
| 2 | इन्दौर | 94 | 14 | 0 |
| 3 | ग्वालियर | 30 | 22 | 0 |
| 4 | चंबल | 17 | 16 | 0 |
| 5 | होशंगाबाद | 22 | 0 | 0 |
| 6 | जबलपुर | 49 | 30 | 0 |
| 7 | रीवा | 71 | 0 | 0 |
| 8 | सागर | 0 | 0 | 0 |
| 9 | शहडोल | 98 | 45 | 0 |
| | योग | 408 | 158 | 0 |

## –: एडवांस गाइड केप्टेन/फ्लाक लीडर :–

| **क.** | **संभाग** | **एडवांस गाइड के.** | **एडवांस फ्लाक ली.** |
|---|---|---|---|
| 1 | भोपाल | 16 | 09 |
| 2 | (रा. शि. के अन्तर्गत) | 17 | 15 |
| 3 | अनूपपुर | 0 | 09 |
| | योग | 33 | 33 |

सागर एवं उज्जैन में गाइड केप्टेन, फ्लाक लीडर शिविर नही हुए। साथ ही सागर से पूर्व में स्वीकृति नही ली गई।
**निर्देश :–** आगामी सत्र हेतु शिविर की स्वीकृति पूर्व में लेकर ही शिविर संचालित करायें।

**कार्यवाही ए.एस.ओ.सी. (स्का./गा.)**

जहाँ जिन संभागो व जिलो मे केम्प संचालित हुए है सभी के प्रतिवेदन प्राप्त हो चुके है (देवास को छोडकर) संचालक द्वारा प्रतिवेदन ए.एस.ओ.सी. को प्रस्तुत करने के पश्चात ही टी. ए. का भुगतान किया जायें।

**कार्यवाही ए.एस.ओ.सी. (स्का./गा.)**

मई, जून माह में होने वाले शिविरो के विषय में जानकारी एवं फार्म दिये । जिससे समस्त संभागो से समय पर फार्म आ सकें। ताकि समय से पचमढी भेजे जा सकें।

| | | |
|---|---|---|
| बेसिक रेंजर लीडर/एडवांस रेंजर लीडर | पचमढी | 03. से 11 मई 2011 |
| प्री.ए.एल.टी. | पचमढी | 15 से 19 अप्रैल 2011 |
| हिमालय बुड बैज | पचमढी | 19. से 25 मई 2011 |

**कार्यवाही ए.एस.ओ.सी. (स्का./गा.)**

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

# —: वयस्क प्रशिक्षण (स्काउट) विभाग :—

## (1) जी.आई कोर्स :—

जी.आई कोर्स की समीक्षा करने पर पाया गया कि:—

नर्मदापुरम संभाग:— बैतुल जिले में जी.आई कोर्स नही हुआ, साथ ही होशंगाबाद जिले की उपस्थिति नगण्य रही। ब्लाकवाइज जानकारी अप्राप्त।

इन्दौर संभाग:— बड़वानी,बुराहानपुर में जी.आई. कोर्स नही हुए।
ग्वालियर संभाग:— गुना, अशोकनगर में जी.आई कोर्स नही हुए।
शहडोल संभाग:— उमरीया, शहडोल, अनूपपुर में जी.आई कोर्स नही हुए।
उज्जैन संभाग:— देवास, रतलाम,नीमच, मंदसौर में जी.आई कोर्स नही हुए।
सागर संभाग:— टीकमगढ में जी.आई कोर्स नही हुए।

1. प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर जी.आई कोर्स करने के निर्देश थे, किन्तु विकासखण्डवार सभी संभागो से जानकारी अप्राप्त है।
2. प्रदेश में डिण्डोरी प्रथम एवं बालाधाट जी.आई. कोर्स में द्वितीय स्थान पर रहा। जिनमे डी.ओ. सी. को धन्यवाद पत्र देने का निर्णय लिया गया।

**निर्देश**:—वर्ष 2010—11 में जिन जिलो में जी.आई कोर्स नही हुआ उनकी योजना बनाकर किया जावें साथ ही वर्ष 2011—12 के लिए अभी से ब्लाक वाइज योजना तैयार की जावें और प्रतिवेदन सूची ब्लाक स्तर पर तैयार कर राज्य स्तर पर राज्य मुख्यालय को भेजी जावें।

**कार्यवाही ए.एस.ओ.सी.(स्का./गा.)**

## (2) बेसिक कोर्स :—

राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट द्वारा वर्ष 2010—11 के लक्ष्य के आधार पर पूर्ति की समीक्षा पावर पाइंट मे प्रस्तुती दी जिसके अन्तर्गत:—

इन्दौर संभाग:— बड़वानी जिले में स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर नही हुआ।
ग्वालियर संभाग:— गुना, शिवपुरी में स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर नही हुआ।
मुरैना संभाग:— श्योपुर में स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर नही हुआ।
जबलपुर संभाग:— जबलपुर, छिन्दवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर में बेसिक स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर नही हुआ।
रीवा संभाग:— रीवा में स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर नही हुआ।
उज्जैन संभाग:— देवास, रतलाम, मन्दसौर में नही हुआ।

होशंगाबाद व सागर संभाग में बेसिक कब मास्टर नही हुआ शेष संभाग में सम्पन्न हुआ।

**निर्देश:—** जिन जिलो में बेसिक स्काउट मास्टर शिविर नही हुए वहॉ पर अभी से योजना बनाकर संख्या सुनिश्चित की जावें।

**कार्यवाही ए.एस.ओ.सी. (स्का./गा.)**

संभाग स्तर पर एडवांस स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर की स्थिति शहडोल संभाग को छोड़कर किसी भी संभाग की संतोषजनक नही रही।

**निर्देश:—** समस्त ए.एस.ओ.सी. अभी से प्रतिभागीयों की संभाग स्तर पर सूची तैयार करें और संख्या सुनिश्चित करें।

**कार्यवाही ए.एस.ओ.सी. (स्का./गा.)**

वयस्क प्रशिक्षण के प्रगतिशील प्रशिक्षण में सभी संभागो की प्रतिभागिता संतोषजनक नही पाई गई।

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

**निर्देशः—** शिक्षकों के एडवांसमेन्ट की प्रगति हेतु संभाग स्तर/ जिला स्तर पर सेमीनार कर प्रोत्साहित किया जावें।

**कार्यवाही ए.एस.ओ.सी. (स्का./गा.)**

राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमो में संभागवार कोटा आवंटित किया जाता है उसकी जानकारी
जिले को आवंटित कोटे की जानकारी और प्रतिभागिता संभाग द्वारा राज्य मुख्यालय को नही भेजी जाति।

**निर्देशः—** कोटा की पूर्ति की जावें और जानकारी जिलेवार दी जावें।

**कार्यवाही ए.एस.ओ.सी. (स्का./गा.)**

## भण्डार (साज—सज्जा) कक्ष

| क्रं. | प्रस्ताव व निर्णय | कार्यवाही |
|---|---|---|
| 1. | भण्डार के विगत 05 वर्षो का स्टेटमेन्ट संभाग को देना है । | बैठक समाप्ति पूर्व दि.01.04.11 को सभी को वितरित किए गए । |
| 2. | नवीन केशमेमों उपलब्ध कराना । | सभी ए.एस.ओ.सी. को 5—5 कोरे केशमेमों प्रदाय किए गऐ जो अपने संभाग के डी.ओ.सी. करेंगे । |
| 3. | संभाग की 31 मार्च की स्टांक स्थिति पुराने कोरे, केशमेमों का प्रेषण। | बैठक में 20.4.11 तक भेजने के निर्णय लिए गए । |
| 4. | संभाग की लंबित राशि का समायोजन । | सभी को पुनः समय पर उपस्थित होकर समायोजन पर जो दिया गया दि. 26.3.11 को मुरैना द्वारा समायोजन कराया है शेष संभाग द्वारा अप्रैल में कराया जाना है । |
| 5. | श्री डी.पी.मिश्रा द्वारा 2008 तक जबलपुर के समायोजन न किए जाने की शिकायत की गई । | संबंधित को पुनः विवरण दिए जाने हेतु अथवा कक्ष में बैठकर स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया । |
| 6. | स्टीकर की शेष राशि का प्रेषण | सभी को शेष राशि 30 अप्रैल—11 तक प्रेषण हेतु कहा गया । |
| 7. | स्टीकर मांग के अनुरुप भेजे जाये । | सभी से मांग ली गई तदानुसार —<br>1. जबलपुर — 25 से 30 हजार<br>2. इंदौर — 25 से 30 हजार<br>3. उज्जैन — 25 से 30 हजार<br>4. ग्वालियर — 25 से 30 हजार<br>5. भोपाल — 25 से 30 हजार<br>6. सागर — 15 हजार<br>7. रीवा — 15 हजार<br>8. होशंगाबाद — 15 हजार<br>9. मुरैना — 10 हजार<br>10 शहडोल — 10 हजार<br>कुल — 01 से 02 लाख |
| 8 | 31 मार्च की स्थिति में संभाग की स्टाक स्थिति, शेष राशि की जानकारी । | सभी संभागों को 20 अप्रैल तक जानकारी देने के निर्देश दिए है । |

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

संयुक्त सचिव द्वारा भण्डार संबंधी समीक्षा वर्षवार की गई –

1– 31–3–2011 की स्थिति में स्टेटमेंट संभागवार ए0एस0ओ0सी0 ने मांग की गयी जिसे देने का निर्णय लिया गया ।

2– बैठक में सर्वसम्मति से चर्चा की गई प्रत्येक संभाग सक्रिय रुप से स्काउट शांप का संचालन करें। जहां पर डी0ओ0सी0/वार्डन है वहां पर भी शांप संचालित की जावें ।

3– स्टीकर – राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा 185000 नग को संभागीय कार्यालय को वितरित किये गये समय समय पर स्टीकर राशि एकत्र कर भेजें ।

4– पुराने कट्टे बंद कर 1 अप्रेल 2011 से नये कट्टे जारी करने हेतु ओ0एस0डी0 साहब ने कहा ।

5– 31 मार्च 2011 की स्थिति में संभागीय भंडार की स्थिति से राज्य मुख्यालय को अनिवार्य रुप से अवगत करावें ।

## निर्वाचन –

जिन जिलों मतें निर्वाचन नही हुआ है वहां तदर्थ समिति नियुक्त कर समस्त कार्यवाही से राज्य मुख्यालय को अवगत करातें रहें । 3 माह में विकास खण्ड में तदर्थ समिति गठित कर विकास खंड का निवार्चन कराया जावे । अगले बैठक में निर्वाचन की स्थित स्पष्ट होनी चाहिए ।

## पंजीयन –

ए0एस0ओ0सी0 पंजीयन हेतु नीचे से लेकर उपर तक पंजीयन संबंधी कार्यवाही की जावे । पंजीयन की राशि के साथ सूची भेजी जावे । होशंगाबाद ए0एस0ओ0सी0 को जिले में शालाओं से संपर्क कर सूचीवार पंजीयन राशि एकत्रकर राज्य मुख्यालय भिजवाने की कार्यवाही सूनिश्चित करने हेतु कहा गया । सभी ए0एस0ओ0सी0 को निर्देश दिये गये कि नये सिरे से पंजीयन संबंधी पत्राचार कर कार्यवाही करे जिससे पंजीयन राशि में वृध्दि हो सके । उज्जैन ए0एस0ओ0सी0. (स्काउट) को विशेष रुप से निर्देश दिये गये किवे जिले संभाग स्तर पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभागीय कार्यालय उज्जैन से पत्र प्रसारित करवाकर पंजीयन संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित करें ।

## चार्टर/वारंट –

चार्टर एवं वारंट के लिए सभी ए0एस0ओ0सी0 सतत प्रयास करें जिलों की संस्थाओं को चार्टर एवं प्रशिक्षित स्काउटर/गाइडर को वारंट फार्म जिला स्तर पर भर कर भेजकर पूर्ति कर

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

पत्रिका –

इंदौर संभाग को पत्रिका के संबंध में पत्र लिखा जावे कि जिला – अलीराजपुर,खण्डवा,बुरहानपुरमें सदस्यता हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करें । श्री धीरज सोनी को बड़वानी,अलीराजपु,खण्डवा,बुरहानपुर में 50– 50 सदस्य बनाने हेतु निर्देशित किया गया जिसकों उन्होने स्वीकार किया ।
तदाशय के निर्देश श्री हरिदत्त शर्मा ए0एस0ओ0सी0 ( स्काउट ) जबलपुर को भी निदेश दिये गये कि मंडला, कटनी में सदस्यता वृध्दि पर विशेष प्रयास करने को कहा गया ।
रींवा संभाग के ए0एस0ओ0सी गाइड ने 10 सदस्यता फार्म चा हे गये जिसे पी0आर0ओ0 को देने हेतु निर्देशित किया गया ।
सागर संभाग में सदस्यता के संबंध का नया चार्ट बनाकर देने हेतु पी0आर0ओ0 को कहा गया ।

उज्जैन संभाग –

उज्जैन, देवास के डी0ओ0सी0 पत्रिका के संबंध में सदस्यता वृद्वि करने हेतु ए0एस0ओ0सी0 स्काउट को कहा गया । एवं पी0आर0ओ0 को सदस्यता अभियान हेतु रसीद कट्टे देने हेतु कहा गया ।

वित्त कक्ष –

1– (स्टेट बैंक आंफ इंडिया ) में खाता खोलने हेतु समस्त ए0एस0ओ0सी0 को निर्देशित किया गया ।
2– मासिक व्यय पत्रक बनाकर राज्य मुख्यालय में एक सप्ताह में भेजने हेतु निर्देशित किया गया । जिसके प्रारुप राज्य मुख्यालय द्वारा संभाग को भेजने हेतु लेखाधिकारी को कहा गया ।
3– 31 मार्च 2011 तक अपने संभाग की केश बुक का मिलान करने हेतु समस्त ए0एस0ओ0सी0 को निर्देशित किया गया एवं चेक क्लियर करने की स्थिति दर्शाने हेतु कहा गया ।
4– प्रोजेक्ट से संबंधित राशि के संबंध में पत्र दिये जाकर उसका आवश्यक रुप से समायोजन किया जाने का कहा गया ऐसा न होने की स्थिति में संबंधित का उत्तरदयित्व सुनिश्चित किया जावे ।

परियोजना कक्ष :–

(1) जनजागरण रैली:–

भोपाल संभाग रसीदे प्राप्त न होने के कारण समायोजन नही हुआ रसीदे भेजने हेतु ए0एस0ओ0सी से कहा गया ।
ग्वालियर संभाग – में ब्हाउचर भेजने हेतु ए0एस0ओ0सी को निर्देशित किया गया ।
जबलपुर संभाग की दो रिपोर्ट शेष है जिला मंडला में निवास एवं बीजादांडी की रिपोर्ट भेजने हेतु निर्देशित किया गया । पेंडिंग ब्हाउचर भेजने हेतु कहा गया ।
इंदौर संभाग की 8 रिपोर्ट शेष है जिसे पी0डी0द्वारा भेजने हेतु कहा गया ।
उज्जैन संभाग – दो रिपोर्ट शेष है जिसे भेजने हेतु कहा गया ।
रींवा संभाग – 6 रिपोर्ट शेष है 14 रिपोर्ट पूर्व में कार्यालय को भेजी गई । शेष रिपोर्ट भेजने हेतु कहा गया ।
सागर – रिपोर्ट प्राप्त नही हुई ।
होशंगाबाद– टिंभरनी की रिर्पोट नही आई ।
शहडोल– प्रतिवेदन भेजने हेतु निर्देशित किया ।

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

नोटः— सभी संभागों को रैली की राशि के संस्थाओं को रसीद दिनांक 15.5.2011 तक भेजने के निर्देश दिये ।

## (2) अनुसूचित जाति संस्थाओं के कब/बुलबुल/स्काउट/गाइड के शिविर :—

(अ) परियोजना संचालक ने संभागों को भेजी गई राशि की जानकारी देते हुये शेष बची हुई राशि वापिस करने एवं शिविर प्रतिवेदन दिनांक 30.4.2011 तक भेजने के निर्देश दिये ।

(ब) सस्थाओं को गतिविधि संचालन हेतु राशि भुगतान कर रसीद दिनांक 15.4.2011 तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिये ।

## (3) राज्य शिक्षा केन्द्र अन्तर्गत शिविर :—

परियोजना संचालक ने राज्य शिक्षा केन्द्र के अन्तर्गत शिविरों के शेष प्रतिवेदन दिनांक 05.4.2011 तक राज्य मुख्यालय को भेजने के निर्देश दिये ।

## (4) वर्ष 2011—2012 के प्रस्ताव :—

वर्ष 2011—2012 के शिविरों के प्रस्ताव दिनांक 5.5.2011 तक उपलब्ध कराने के निर्देश परियोजना संचालक ने दिये ।

## (5) हाथ धुलाई कार्यक्रम —

भेजे गये हिसाब में कमियां बताते हुये परियोजना संचालक ने निम्न निर्देश दिये :—

(1) रींवा संभाग को बिल भेजने हेतु कहा गया ।

(2) सागर प्रतिवेदन भेजने हेतु कहा गया ।

(3) जबलपुर संभाग से मंडला का प्रतिवेदन भेजने हेतु कहा गया ।

सामान्य निर्देश :—

(1) बी0टी0आई एवं डाइट ने वयस्क प्रशिक्षण आयोजित करने के प्रस्ताव भेजने हेतु परियोजना संचालक ने कहा गया । जिसमें (स्काउट मास्टर/कब मास्टर, गाइड केप्टिन/फ्लांक लीडर) सम्मिलित हो ।

(2) नीमच रतलाम की जी0आई कोर्स की भी सूची भेजने हेतु उज्जेन ए0एस0ओ0सी0 को कहा गया

(3) पंजीयन से संबंधित चार्ठर जारी करके इस कार्यालय को सूचित करें जिससे उस संभाग का अंश भेजा जा सके ।

(4) स्काउटर/गाइउर सेमीनार कब मास्टर/फलांक लीडर सेमीनार जिला स्तर पर आयोजित करने का प्रस्ताव भेजने हेतु कहा गया जिसमें वारंट फार्म वितरण करने हेतु कहा गया ।

(5) अकाउंट का हिसाब सुव्यवस्थित करने हेतु कहा गया जिससे उसका समायोजन किया जा सके ।

(6) राज्य शिक्षा केन्द्र अन्तर्गत कार्यक्रमों में डी0पी0सी0 को भी जोड़ने के निर्देश दिये गये ।

(7) सभी ए0एस0ओ0सी0 को जिला प्रोफाइल 15 दिवस के अंदर अपडेट कराने हेतु निर्देशित किया गया ।

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

(8) कौंसलर की नियुक्ति करने हेतु राज्य मुख्यालय से पत्र प्रसारित किया जाना चाहिये

(9) 20 दलों की सूची वापस करते हुए उसे सुधारकर भेजने हेतु निर्देशित किया गया ।

(10) स्टेट चीफ कमिश्नर /प्रधान मंत्री शील्ड प्रतियोगिता की सभी जिलों की प्रतिभागिता अनिवार्य रुप सं होना चाहिये जिसे जुलाई 2011 तक भेजने हेतु कहा गया । प्रधान मंत्री शील्ड की प्रतिभागिता न होने पर हिमालय बुड बैज में अवरुध्दता आवेगी । प्रधान मंत्री की लाकबुग जुलाई 2011 तक भेजने हेतु निर्देशित किया गया ।

राज्य सचिव
भारत स्काउटएवं गाइड
मध्य प्रदेश

पृ0 क्र0/692/रामु/समीक्षा बैठक/2011 भोपाल, दिनांक 05 /05/2011

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ

1. माननीय राज्य मुख्य आयुक्त राज्य मुख्यालय भोपाल ।
2. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी राज्य मुख्यालय भोपाल ।
3. परियोजना संचालक राज्य मुख्यालय भोपाल ।
4. राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) राज्य मुख्यालय भोपाल ।
5. राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) राज्य मुख्यालय भोपाल ।
6. समस्त सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) / जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) की ओर भेजकर निर्देश है कि बिन्दुवार आवश्यक जानकारी पालन प्रतिवेदन तत्काल भेजे ।
7. समस्त शाखा प्रभारी राज्य मुख्यालय भोपाल ।

राज्य सचिव
भारत स्काउटएवं गाइड
मध्य प्रदेश

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com